
# Department of Mathematics
# Govt. Digvijay Autonomous P.G College, Rajnandgaon


## Session 2021-22


## Departmental Activities

- **Parent-Teacher Association**

Every session we arrange the Parents-Teacher meeting. In this meeting we invite guardians of the students and they give feed backs. After this we analyze them and try to make improvement. The department has been arranged the Alumni meeting on 07.02.2022.










## विभागीय गतिविधियों से अभिभावकों को कराया अवगत

राजनांदगांव(वि.)। दिग्विजय कालेज के गणित विभाग द्वारा शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक द्वितीय-चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के अभिभावकों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अभिभावकों ने कई सुझाव भी दिए। वहीं अभिभावकों को कालेज के गणित विभाग के गतिविधियों से अवगत कराया। प्राध्यापक डा.केके देवांगन ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी अभिभावकों को दी। विभागाध्यक्ष डा.शबनम खान में गणित विभाग के शैक्षणिक कैलेंडर तथा सुविधाओं के बारें में अभिभावकों को अवगत कराते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के लक्ष्य हासिल करने में उनका सहयोग प्रदान करे। प्राचार्य डा.केएल टांडेकर ने विभाग द्वारा किए जाने वाले शिक्षक अभिभावक बैठक के आयोजन को सराहनीय प्रयास बताया। साथ ही कहा कि यूजीसीऔर मानव संसाधन विकास मंत्रालयए दिल्ली एवं उच्च शिक्षा विभागए छत्तीसगढ़ शासन के प्राप्त निर्देशों के आधार पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित की जाती है। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने उनके पाल्यों के शैक्षणिक विकास के लिए विभाग द्वारा किए जाने वाले प्रयासों के लिए डा.शबनम खान, डा.केके देवांगन, डा.हेमंत साव और कविता साकुरे से अपनी खुशी जाहिर की। बैठक में अभिभावक महेंद्र कुमार साहू, विनीता देवांगन, मंजू देवांगन, मीनू सिन्हा, शशिप्रभा बेलचंदन, चंद्रिका साहू, शारदा साहू, शांति बाई साहू व अन्य शामिल हुए।


**नेट-सेट के लिए दिया जाएगा मार्गदर्शन :** भौतिक शास्त्र विभाग में भी शिक्षक अभिभावक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा.केएल टांडेकर ने की। विभागाध्यक्ष डा.प्रीति बाला टांक ने आयोजन को अच्छा प्रयास बताया जो महाविद्यालय एवं पालकों को जोड़ता है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भी निर्देश है कि शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित होना चाहिए। विभिन्न पालकों ने इस दौरान अपने विचार रखे एवं विधार्थी के हितों पर चर्चा की ।महाविद्यालय की ओर से विभाग अध्यक्ष एवं डा.सुरेश पटेल ने पालकों की बातों पर विचार करते हुए उन्हें आवश्यक जानकारी दी। भविष्य में विशेष रूप से नेट और सेट एवं पीएससी के मार्गदर्शनि देने की बात की।

- **Interdisciplinary Lecture**
  - The department organizes the interdisciplinary lectures by subject experts to improve their knowledge in various topics.

| **Expert** | **Designation** | **Date** | **Topic** |
|---|---|---|---|
| Dr. Dakeshwar Verma | Assistant Professor, Department of Chemistry, Govt. Digvijay Auto. P.G. College, RJN | 01.02.2022 | Career Guidance and Personality Development |
| Ku. Pooja Sinha | Guest Lecturer, Department of Political Science, Govt. Digvijay Auto. P.G. College, RJN | 19.02.2022 | Fundamental Rights of Citizens |




**Dr. Dakeshwar Verma delivering online lecture on "Career Guidance and Personality Development".**



## न्यूज गैलरी

### 'गणित विषय में अपार संभावनाएं'

**राजनांदगांव (वि.)।** दिग्विजय महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा अंतर्विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्यवक्ता डा.डाकेश्वर वर्मा थे। व्याख्यान प्राचार्य डा.केएल टांडेकर व गणित विभागाध्यक्ष डा.शबनम खान के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डा. हेमंत साव ने डा. डाकेश्वर वर्मा से विद्यार्थियों का परिचय कराया। विभागाध्यक्ष डा.शबनम खान ने कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा समुचित विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। डा.डाकेश्वर वर्मा ने गणित के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को करियर गाइडेंस एंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर व्याख्यान दिया। साथ ही भविष्य में गणित में संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इसके बाद डा.केके देवांगन ने डा.डाकेश्वर वर्मा के साथ रिसर्च संबधी पहलुओं को विद्यार्थियों से साझा किया।

- ## Guest Lectures

| Subject Expert | Designation | Date | Topic |
|---|---|---|---|
| Dr. Amit Biswas | Associate Professor, BIT Durg | 19.02.2022 | Programming in C |
| Dr. Rajesh Pandey | Principal, Govt. College, Utai | 17.05.2022 | Career in Mathematics |







**Dr. Amit Biswas delivering his lecture on “Programming in C Language”**









**Dr. Rajesh Pandey delivering his lecture on "Career in Mathematics"**



# गणित विभाग में अतिथि व्याख्यान का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शासकीय दिग्विजय कॉलेज के गणित विभाग में प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ता के रूप में शासकीय डीटीपीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश पांडे ने कहा कि विद्यार्थी केवल सरकारी नौकरी पर आश्रित न रहकर अपने हुनर तथा काबिलियत को पहचानते हुए कुछ इनोवेशन करें तथा स्टार्टअप के जरिये अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित करें।

उन्होंने बताया कि कैसे ओला टैक्सी कैब एक छोटे से स्टार्टअप के जरिये आज देश का एक नामी टैक्सी कैब ट्रांसपोर्ट कंपनी का रूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि गणित के विद्यार्थी के लिए कोई भी क्षेत्र नया नहीं होता है। गणित जानने वाला व्यक्ति दुनिया का हर काम आसानी से कर सकता है, इसलिए समय रहते अपना गोल सेट करें तथा अपने गोल को ध्यान में रखते भविष्य निर्माण के लिए जुट जाएं।

कार्यक्रम में डॉ. शबनम खान ने कहा कि कोरोना पेंडामिक के कारण विगत तीन वर्षों से परीक्षाए ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हो रही है।

विद्यार्थी घर में बैठकर बुक देखकर परीक्षा पास कर रहे हैं, परंतु सरकारी नौकरी के प्रतियोगी परीक्षा में बैठना अनिवार्य है, इसलिए अपने ज्ञान बढ़ाने अध्ययन जारी रखे। कार्यक्रम में अतिथि परिचय कराते डॉ. केके देवांगन ने बताया कि महाविद्यालय के गणित विभाग में डॉ. राजेश पांडे ने अपने कैरियर का शुरूआत किया है। उक्त अतिथि व्याख्यान में डॉ. हेमंत साव एवं कविता साकुरे तथा एमएससी पूर्व एवं अंतिम वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

- **Madhava Mathematics Competition** (A Mathematics competition for UG students)

09 UG students participated in this competition on 23.01.2022 conducted online by Department of Mathematics, S.P.College, Pune and Homi Bhabha Centre for Science Education, T.I.F.R., Mumbai which is funded by National Board for Higher Education.

- **Alumni Meeting**

The department has been arranged the Alumni meeting on 29.01.2022.







- **Workshop on NET/SET Preparation**

The Department has organized “Three Days Workshop on NET/SET Preparation” during 16.02.2022 to 18.02.2022 for PG Students. The following speakers are delivered his lecture in this Workshop.

| **Expert** | **Designation** | **Date** | **Topic** |
|---|---|---|---|
| Dr. P. Jha | Professor, Govt. College, Baloda Bazar | 16.02.2022 | Techniques for Solving the NET/SET questions based on Algebra and Topology |
| Prof. Parmeshwar Verma | Assistant Professor, Govt. Shivnath Science College, Rajnandgaon | 17.02.2022 | Time management for NET/SET Examination and Strategies for solving the questions of NET/SET |
| Prof. Vinay Masiyare | Assistant Professor, Govt. College, Thelkadeeh | 18.02.2022 | Techniques for Solving the NET/SET questions based on Set Theory |









# नेट–सेट के प्रश्नों को हल करने के तरीके बताए



वर्कशाप में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। ● आयोजन समिति

**राजनांदगांव(वि.)।** दिग्विजय कालेज के गणित विभाग द्वारा नेट–सेट की तैयारी के लिए तीन दिवसीय वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नेट, सेट परीक्षा के प्रश्नों को हल करने के तरीके बताए। डा. केके देवांगन ने कार्यक्रम के रुपरेखा से विद्यार्थियों का परिचय कराया।

विभागाध्यक्ष डा. शबनम खान ने कहा कि विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन तथा समुचित विकास के लिए समय–समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। प्राचार्य डा. केएल टांडेकर ने विभाग द्वारा इस प्रकार के आयोजन को सराहनीय प्रयास बताते कहा कि यदि कोई विद्यार्थी नेट, सेट परीक्षा की फीस देने में असमर्थ हैं तो महाविद्यालय के द्वारा उस विद्यार्थी की फीस के लिए राशि प्रदान की जाएगी।

**अलजेब्रा एंड टोपोलाजी को बताया:** वर्कशाप के पहले दिन मुख्यवक्ता डा. पुरुषोत्तम झा ने नेट, सेट की परीक्षा की तैयारी के लिए अलजेब्रा एंड टोपोलाजी में विगत वर्षों में नेट, सेट के प्रश्नों को सोल्व करने का तरीका विद्यार्थियों को बताया। दूसरे दिन परमेश्वर वर्मा ने नेट, सेट की परीक्षा की तैयारी किस प्रकार की जाए इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। तीसरे दिन प्रोफेसर विनय मसियारे ने सेट थ्योरी पर आधारित प्रश्नों को हल करने तथा नेट, सेट परीक्षा में समय प्रबंधन संबधित चर्चा विद्यार्थियों से की। मंच का संचालन डा. हेमंत साव व आभार प्रदर्शन कविता साकुरे ने किया।

- **National Mathematics Day Celebration 2021**

The Department has organized “National Mathematics Day 2021” on 21.12.2021 for UG and PG students of Mathematics. The department has organized Speech and Quiz competition on this occasion in the memory of great mathematician Srinivasa Ramanujan. The judges for speech competitions are (a) Dr. P. B. Taunk, Assistant Professor, Department of Physics, Govt. Digvijay Autonomous P.G. College, Rajnandgaon (b) Dr. Y. R. Beg, Assistant Professor, Department of Chemistry, Govt. Digvijay Autonomous P.G. College, Rajnandgaon (c) Dr. Ashwani Sharma, Assistant Professor, Department of Chemistry, Govt. Digvijay Autonomous P.G. College, Rajnandgaon.

The winners of these competitions are as follows:

| S. No. | Competition | Rank | Name of Winner | Class |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Speech Competition | 1 | Sanjay Meshram | B.Sc. II |
| 2 | Speech Competition | 2 | Kumkum Jha | B.Sc. I |
| 3 | Speech Competition | 3 | Anupama Shrivastava | B.Sc. II |
| 4 | Speech Competition | 3 | Neeraj Kumar | B.Sc. I |
| 5 | Quiz Competition | 1 | Chandan Sahu | M.Sc. III Semester |
| 6 | Quiz Competition | 1 | Devika Sahu | B.Sc. I |
| 7 | Quiz Competition | 1 | Teekam Kumar Rawte | B.Sc. I |
| 8 | Quiz Competition | 2 | Babulal | B.Sc. III |
| 9 | Quiz Competition | 2 | Laxmikant | B.Sc. III |
| 10 | Quiz Competition | 2 | Shivendra Deshmukh | B.Sc. III |
| 11 | Quiz Competition | 3 | Nidhi Mehar | B.Sc. II |
| 12 | Quiz Competition | 3 | Vidhi Sahu | B.Sc. II |
| 13 | Quiz Competition | 3 | Yamini Sahu | B.Sc. II |

राजनांदगांव

# City reporter राजनांदगांव : महान गणितज्ञ रामानुजन पर देश को गर्व : डॉ. टांडेकर



By **Amitesh Sonkar**

DEC 23, 2021




**महान गणितज्ञ रामानुजन पर देश को गर्व : डॉ. टांडेकर**

- **शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन**

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा डॉ. के.एल. टांडेकर के मार्गदर्शन एवं डॉ. के.के. देवांगन के निर्देशन में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सभी विद्यार्थियों के लिए भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता का विषय "Contribution of Ramanujan to Mathematics" था। इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ. हेमंत कुमार साव ने आयोजित किया तथा उन्होंने बताया कि रामानुजन गणित में बिना किसी डिग्री एवं प्रशिक्षण के गणित के क्षेत्र में ऐसा कार्य किया कि उनके कुछ सवालों का हल अभी तक नहीं ढूंढा जा सका। रामानुजन के इस प्रतिभा से प्रभावित होकर कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हार्डी ने उन्हें इंग्लैंड बुलाया और उनके साथ रिसर्च का कार्य किया। रामानुजन ने लगभग 3500 प्रमेयों का खोज किया। डॉ. के.के. देवांगन ने बताया कि रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में अनेक महान कार्य जैसे पाई की गणना, इनफाईनाइट सिरीज आदि का खोज किया जिसका आधुनिक गणित में तथा कम्प्यूटर के क्षेत्र में उपयोग हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि गणित विज्ञान की रानी है। रामानुजन ने गणित को देश-विदेश में प्रसिद्ध करवाया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर ने अपने उद्बोधन में बताया कि महान गणितज्ञ श्री रामानुजन पर देश को गर्व है। ऐसे महान गणितज्ञ के पदचिन्हों पर चलने का विद्यार्थियों को आव्हान किया तथा दोनों प्रतियोगिता में विजेता छात्र/छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। क्विज प्रतियोगिता का संचालन प्रो. कविता साकुरे द्वारा किया गया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायकगण के रूप में डॉ. प्रीतिबाला टॉक, डॉ. युनूस रजा बेग और डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर संजय मेश्राम, द्वितीय स्थान पर कुमकुम झा एवं तृतीय स्थान पर अनुपमा श्रीवास्तव व नीरज कुमार रहे। क्विज प्रतियोगिता में 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें चंदन साहू, देविका साहू, टीकम कुमार रावटे के गुरप को प्रथम स्थान, बाबूलाल, लक्ष्मीकांत, शिवेन्द्र देशमुख के ग्रुप को द्वितीय स्थान और निधी मेहर, विधि साहू, यामिनी साहू के गुरप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। हेमचंद यादव दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा Quiz एवं Puzzle कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र बाबूलाल और अजय कुमार कुंजाम महाविद्यालय का राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय भिलाई में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं प्रतिभागी के रूप में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के प्राध्यापक एवं गणित के विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

• **National Webinar on “Advances in Pure and Applied Mathematics”**

The Department has been organized National Webinar on “**Pure and Applied Mathematics (APAM-2021)**” during 17-18 September 2021. The aim of the webinar is to exchange the advances in Pure and Applied Mathematical Sciences among the eminent mathematicians, research scholars and students. Approximately 500 participants are registered for this webinar. The speakers of this webinar are

(1) Dr. D.R. Sahu, Professor, Department of Mathematics, Banaras Hindu University, Varanasi, U.P., India
(2) Dr. Vishnu Narayan Mishra, Professor, Indira Gandhi National Tribal University, Lalpur, Amarkantak, M.P., India
(3) Dr. Abraham Verghese, Professor, IT Department University of Technology and Applied Sciences, Sultanate of Oman Muscat
(4) Dr. Sudhir Shrivastava, Professor, Department of Mathematics, Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, U.P., India



'जीवन के हर क्षेत्र में गणितीय माडलिंग की उपयोगिता'

राजनांदगांव(नईदुनिया न्यूज)। दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग में दो दिवसीय वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में देश-विदेश के गणितज्ञ विशेषज्ञ व पांच सौ से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। वेबिनार के आयोजन सचिव डा. हेमंत कुमार साव ने अपने स्वागत उद्बोधन में वेबीनार के उद्देश्य तथा महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस वेबीनार के माध्यम से देश के विभिन्न महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों, रिसर्च स्कालर्स तथा विद्यार्थियों के बीच गणित के क्षेत्र में हो रहे विकास पर अपने विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। वेबिनार के संरक्षक एवं प्राचार्य डा.बीएन मेश्राम ने कहा कि दैनिक दीनचर्या से लेकर मिसाइल बनाने तक गणित का उपयोग होता है। ओमान मस्कट से उपस्थित विशेषज्ञ डा.अब्राहम वर्गीस ने बताया कि गणितीय माडलिंग की सहायता से कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए निर्णय लेने में सहायता मिली है।

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डा.डीआर साहू ने बताया है कि गणितीय माडलिंग आइटरेशन का उपयोग करके किसी भी ब्लर चित्र को स्पष्ट रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। जिससे क्राइम ट्रेसिंग में आसानी होती है। अमरकंटक जनजातीय विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डा.विष्णु नारायण शर्मा ने बताया कि सिग्नल प्रोसेसिंग में गणितीय फुरियर सीरिज का उपयोग किया जाता है। गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डा.सुधीर श्रीवास्तव ने भारतीय गणित के पितामह आर्यभट्ट के खोज तथा योगदान को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया गणितीय गणना पूरे विश्व में भारतीय गणितज्ञों की देन है। वेबिनार के संयोजक डा.शबनम खान, सह संयोजक डा.केके देवांगन तथा आयोजन सचिव डा.हेमंत कुमार साव एवं कविता साकुरे ने सभी विषय विशेषज्ञों कार्यक्रम के सहयोग एवं सफलता के लिए धन्यवाद दिए।

दिग्विजय कालेज के गणित विभाग द्वारा वेबिनार का आयोजन किया गया। • नईदुनिया

- **Value Added Course on “Scientific Document Preparation using LATEX”**

The Department has been organized Value Added Course of 30 hours on “**Scientific Document Preparation Using LATEX**” from 20.10.2021 to 24.11.2021. The experts for this value added course are

(1) Dr. Dipti Thakur, Assistant Professor, SoS in Mathematics, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur.
(2) Dr. Rakesh Tiwari, Assistant Professor, Department of Mathematics, Govt. V.Y.T. Autonomous P.G. College, Durg.
(3) Dr. Samir Dashputre, Assistant Professor, Department of Mathematics, Govt. College, Arjunda, Distt. Balod, C.G.
(4) Dr. Anindita Chakraborti, Professor, Department of Mathematics, BIT, Durg.
(5) Dr. Rajesh Patel, Assistant Professor, Department of Mathematics, BIT, Durg.



Rajnandgoan Epa...
epaper.naidunia.com

14 नईदुनिया
रायपुर, गुरुवार 18 नवंबर, 2021

# ‘कौशल विकास को बढ़ाना जरूरी’


**राजनांदगांव (नईदुनिया न्यूज)।** दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गणित विभाग द्वारा वैल्यू ऐडेड सर्टिफिकेट कोर्स प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य डा.बीएन मेश्राम ने कहा कि सीखना ज्ञान की कुंजी है और निरंतर सीखना हमारे महाविद्यालय का उद्देश्य है। आज के प्रतिस्पर्धी युग में उभरती चुनौती से निपटने के लिए उच्च स्तर की सोच एवं ज्ञान की आवश्यकता है।


इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के गणित विभाग द्वारा वैल्यू ऐडेड सर्टिफिकेट कोर्स साइंटिफिक डाक्युमेंट प्रिपेरेशन यूसिंग लैटेक्स प्रारंभ किया गया है। डा. मेश्राम ने कहा कि बदलते वैश्विक परिवेश ने दुनिया को और प्रतिस्पर्धी बना दिया है।


इस चुनौती से निपटने के लिए विद्यार्थी के ज्ञान के स्तर एवं कौशल विकास को बढ़ाना होगा ताकि विद्यार्थी आसानी से रोजगार या स्वरोजगार प्राप्त कर सके। इस पाठ्यक्रम के कोर्स कोआर्डिनेटर डा.हेमंत कुमार साव एवं कविता साकुरे ने बताया कि पाठ्यक्रम प्रशिक्षण सत्र में 30 दिनों तक 30 घंटे के लिए सैद्धांतिक सत्र एवं प्रायोगिक अवधारणा सत्र दोनों शामिल किया गया है। पाठ्यक्रम 24 नवंबर तक चलेगा। विभिन्न स्तरों पर विद्यार्थी के मूल्यांकन एवं प्रदर्शन के आधार पर कोर्स सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

इस पाठ्यक्रम में सफल होने वाले विद्यार्थी अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ कैरियर कौशल विकास का ज्ञान भी आर्जित करेगा। इस कोर्स के संयोजक विभागाध्यक्ष डा.शबनम खान एवं सह संयोजक डा.केके देवांगन ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में विद्यार्थी अपने नियमित डिग्री के साथ एक कौशल विकास का अतिरिक्त सर्टिफिकेट प्राप्त करेगा जो कि उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा यूजीसी नई दिल्ली द्वारा मान्य होगा।

- **Online Mathematical quiz competition for UG and PG students:**
  The department has been organized online mathematical quiz competition for UG and PG students on 26.05.2022 in the collaboration with Bhilai Mahila Mahavidyalaya, Hospital Sector, Bhilai.



- **Extension Activity** In this session we took our students to Govt. Higher Secondary School, Singhola, Rajnandgaon. The students of P.G. Level taught school students how to solve Mathematics easily through charts, short tricks, Vedic Mathematics and overcome the fear of Mathematics on 13.12.2021 and 179 students are benefitted by this program.

# गणित विषय को रुचिकर बनाने जागरूकता अभियान

## सिंघोला हाईस्कूल में कार्यक्रम का आयोजन



राजनांदगांव(दावा)। विगत दिनों शा. उच्च माध्य. विद्या. सिंघोला में गणित विषय में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय दिग्विजय पी.जी. महाविद्यालय राजनांदगांव के गणित विभाग के रूस्ट पूर्व व अंतिम के विद्यार्थियों व गणित विषय के विभागाध्यक्ष श्रीमती शबनम खान व प्राध्यापक कैलाश देवांगन के द्वारा गणित विषय में आने वाले कठनाई के संबंध में प्रकाश डाला गया, जिसमें कक्षा नवमी, दसवीं, ग्यारहवी, बारहवी के छात्र-छात्राओं को गणित विषय व कैरियर गाइडेंस से सम्बन्धित गतिविधियों का मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्राध्यापक कैलाश देवांगन ने बताया गणित विषय में आने वाले छोटी छोटी कठनाइयों को कैसे सरल तरीके हल किया जाता है।

प्राचार्य डी. आर.देवांगन व कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता जय प्रकाश साहू द्वारा गणित विषय को रुचिकर बनाने के लिए अपने विचार रखे। इस अवसर पर एमएससी अंतिम के छात्र सोनम, संगीता, लक्ष्मी देवांगन, योगेश खरे, घनश्याम सिंग पटेल, चन्दन साहू ने कक्षा 11 व 12 वीं का मार्गदर्शन किया व एमएससी पूर्व के छात्र सूर्यकांत, प्रवीण कुमार, पूर्णिमा, भावना दुबे, कीर्तन, टिकेश गोयल, काजल, अखिलेश, खेलन, यामिनी, आरती आहूजा, कुमकुम सिन्हा पायल, निरज, प्रदीप, राहुल, मृदुल, भावना, गीतांजली, इशु सिन्हा, यामिनी, काजल ने कक्षा 9 व 10 वीं का मार्गदर्शन किया तथा संस्था के व्याख्याता पी.सी. कोसरिया, वीर सिंह सोनवानी, प्रदीप साहू, कैलाश बोरकर, ममता तिवारी, मंजरी शर्मा, दुबो दिवेदी, श्रद्धा झा, स्वाति साहू, शिक्षक अजय देशमुख, दुष्यंत देवांगन के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं कविता, केशरी, खुशबू, अंजली साहू, नोमीशा साहू, गरिमा, आराधना साहू, मीनू साहू मोनिका, नयना साहू, अंजली साहू, डेविड साहू, लिलेश्वरी साहू, भारती साहू, जशवंत साहू, केशरी साहू, येमीन साहू, टेमेश्वरी साहू, ईश्वर साहू, मुकेश, पीयूष, राहुल, यशराज कसेर, योगेंद्र, संजना साहू का सहयोग रहा।

****